जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

11 मार्च, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के छात्र सैयद अदनान मियां प्रतिष्ठित खोराना छात्रवृत्ति-2025 के लिए चुने गए

जैव-प्रौद्योगिकी विभाग के स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र सैयद अदनान मियां ने प्रतिष्ठित खोराना प्रोग्राम फॉर स्कॉलर्स 2025 के लिए चयनित होकर जामिया मिल्लिया इस्लामिया का नाम रोशन किया है। यह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी छात्रवृत्ति जिसे जैव-प्रौद्योगिकी विभाग (डीबीटी) - भारत सरकार, इंडो-यू.एस. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फोरम (आईयूएसएसटीएफ) तथा विनस्टेप फॉरवर्ड द्वारा संयुक्त रूप से समर्थन दिया जाता है वह छात्रवृत्ति उत्कृष्ट भारतीय छात्रों को शीर्ष अमेरिकी संस्थानों में अत्याधुनिक शोध करने का अवसर प्रदान करती है।

खोराना छात्रवृत्ति चयनित स्कॉलरों को आने-जाने का हवाई किराया, वजीफा और स्वास्थ्य बीमा प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत उन्हें बोस्टन, मैसाचुसेट्स में हार्वर्ड मेडिकल स्कूल से संबद्ध ब्रिघम एंड विमेंस हॉस्पिटल में स्थान दिया गया है जहाँ पर अदनान अत्याधुनिक बायोमेडिकल शोध में योगदान देंगे।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया